Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding expeditious construction of Railway flyovers in Anand Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मितेष पटेल (**बकाभाई**) (**आनंद**): महोदय, जनहित की दृष्टि से मेरे मत विस्तार आनंद (गुजरात) में उमरेठ तालुका अंतर्गत आनंद-गोधरा रेलवे लाइन पर भालेज चौराहा रेलवे फ्लाईओवर, पेटलाद तालुका में पेटलाद फ्लाईओवर और आनंद तालुका अंतर्गत समारखा फ्लाईओवर आनंद लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए यातायात सुविधा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। भालेज चौराहा रेलवे फ्लाईओवर बनना वर्ष 2018 में शुरू हुआ, पर 1 से 2 दिन में ही बंद हो गया और अभी तक शुरू नहीं हो पाया। पेटलाद फ्लाईओवर आधा बनकर वर्षों से बंद है, काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। समारखा चौराहा फ्लाईओवर के निर्माण हेतु आवश्यक प्रक्रिया शुरू करने हेतु संबंधित अधिकारी को आदेशित करने की आवश्यकता है। अगर ये तीनों ही फ्लाईओवर बन जाते हैं तो मेरे मत विस्तार आनंद में ट्रैफिक की सुविधा जहां सुचारु होगी, वहीं जाम जैसी समस्याओं के निराकरण में गेम चेंजर साबित होंगे।

मेरा रेल मंत्री जी से आग्रह है कि तीनों फ्लाईओवर के निर्माण हेतु व्यक्तिगत रूप से संबंधित अधिकारियों को आदेश देने की कृपा करें। … (व्यवधान)